# वागड़ संदेश

जन मन की आवाज

Tital Code : RAJHIN27802

www.wagadsandesh.com

सम्पर्क
ई-पेपर में खबरे व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें
ई-मेल - editorwagadsandesh@gmail.com
8890633631
9309255545
6351581818

वर्ष-2 | अंक-7 | सागवाड़ा, बुधवार, 21 सितम्बर, 2022 | भाषा : हिन्दी | ई-पेपर | अवधि: (वार्षिक) | मूल्य-10 रु. | पृष्ठ-1


# कडाणा की ज़मीन बेचने वाली नजमा और फातेमा को पुलिस ने पकड़ा34 दिन बाद किया गिरफ्तार

*** फ़र्ज़ी आदेश से कड़ाणा की भूमि का नामांतरण खोलने और रजिस्ट्री करने का मामला**

*** 16 अगस्त से फ़रार थी नजमा और फातेमा, ज़मीन ख़रीदने वाला हरिसिंह अब भी फ़रार**

**सागवाड़ा।** कड़ाणा विभाग की बेशकीमती जमीन उप शासन सचिव के फर्जी लेटर से हड़पने और फिर बेचने के मामले में पुलिस ने 2 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। दोनों ही आरोपियों ने मिलकर पहले ये जमीन अपने नाम करवाई और फिर बेच दी। पुलिस अब मामले में दोनों आरोपियों से पूछताछ कर रही है।सागवाड़ा थानाधिकारी शैलेंद्र सिंह ने बताया की 17 अगस्त को सागवाड़ा के तत्कालीन तहसीलदार मयूर शर्मा ने रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। इसमें बताया की नजमा पुत्री उमर खा घांची और फातेमा पुत्री उमर खा घांची निवासी सागवाड़ा ने अपने सहयोगी हरिसिंह पुत्र रामसिंह चौहान निवासी रामा तहसील आसपुर के



साथ मिलकर कड़ाणा विभाग की बेशकीमती जमीन को उप शासन सचिव के नाम का फर्जी आदेश बनाकर कलेक्टर को भेज दिया। कलेक्टर ने यही आदेश एसडीएम सागवाड़ा ओर फिर एसडीएम ने तहसीलदार को भेज दिया। तहसीलदार ने आदेश की पालना में गिरदावर को लिखा।

आरोपियों के बनाए फर्जी आदेश से कड़ाणा विभाग की बेशकीमती जमीन का 9 अगस्त को नामांतरण अपने नाम करवा दिया। इसके बाद इसी जमीन की 10 अगस्त को हरिसिंह के नाम रजिस्ट्री भी करवा दी। बाद में जांच के दौरान उपशासन सचिव के नाम जारी आदेश के फर्जी होने का पता लगा, जिस पर सागवाड़ा पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू की। सागवाड़ा थानाधिकारी शैलेंद्र सिंह ने बताया की मामले में जांच करते हुए आरोपी नजमा पत्नी अब्दुल अजीज घांची मुसलमान निवासी घांचीवाड़ा सागवाड़ा और फातेमा पत्नी अब्दुल सत्तार घांची मुसलमान निवासी घांचीवाड़ा को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस दोनों ही आरोपियों से पूछताछ कर रही है। मामले को लेकर जिला कलेक्टर की ओर से सागवाड़ा तहसीलदार, गिरदावर और पटवारी को पहले ही सस्पेंड कर दिया है।

## एफ़आइआर दर्ज होने के बाद से फ़रार थे

16 अगस्त को एफ़आइआर दर्ज करने के बाद से ही ज़मीन बेचने वाले, ख़रीदने वाले और गवाह फ़रार थे। तभी से पुलिस इनकी तफ़्तीश में जुटी हुई थी जुटी हुई थी। इस मामले में मंगलवार को पुलिस को बड़ी सफलता हासिल लगी है। हालाँकि इस पूरे मामले में यह भी सोचने बिन्दु है की जो पिछले 34 दिनों से फ़रार थे उन्हें सागवीडा से ही पकड़ा गया। अब यह भी देखना होगा की सागवाडा पुलिस इन दोनों महिलाओं से क्या कोई खुलासा कर पाती है ? या सच्चाई सामने ला पाती है?

# मेडिकल कॉलेज के जिला अस्पताल में 80 बेड का प्री-फेब्रिकेशन वार्ड हो रहा तैयार

**35 एसी के साथ हर बेड पर ऑक्सीजन की रहेगी सुविधा**

**डूंगरपुर।** मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मरीजो के लिए सुविधा बढ़ रही है। जिसके तहत जिला अस्पताल में 80 बेड का नया वातानुकूलित वार्ड तैयार हो रहा है। जिसका काम अंतिम चरण में चल रहा है। इस वार्ड के हर बेड पर ऑक्सीजन की सुविधा रहेगी। ऐसे में सुविधाओं के अभाव में इलाज के लिए पलायन करने वाले मरीजो को इससे लाभ मिलेगा। डूंगरपुर मेडिकल कॉलेज के जिला अस्पताल में रोजाना करीब 1 हजार मरीज इलाज के लिए आ रहे है। इसमें से कई मरीजों को भर्ती करना पड़ता है। अस्पताल में अभी 600 मरीजों को भर्ती की सुविधा है। लेकिन मरीज बढ़ने पर बेड कम पड़ जाते है। ऐसे में मरीजों की सुविधाओ को देखते हुए 3 करोड़ 84 लाख के बजट से प्री फेब्रिकेशन वार्ड तैयार करवाया जा रहा है । ये वार्ड अस्पताल में इमरजेंसी के ठीक ऊपर बनाया जा रहा है। लोहे के एंगल के साथ फेब्रिकेटेड शीट लगाकर 8 हजार स्क्रेयर फीट का हॉल बनाया है। इस हॉल में 80 बेड रखने की क्षमता है। वार्ड में हर बेड पर डायरेक्ट ऑक्सीजन पैनल लगाया जा रहा है । मरीज को ऑक्सीजन की जरूरत पड़ने पर उसे बेड पर ही ऑक्सीजन मिल सकेगी। वही इस पूरे वार्ड को एयर कंडीशनर बनाया गया है। वार्ड में 35 एसी लगाए है जो इसे वातानुकूलित बनाए रखेंगे। मेडिकल कॉलेज अस्पताल में अधीक्षक डॉ महेंद्र डामोर ने बताया की प्री फेब्रिकेशन वार्ड बनकर तैयार हो रहा है। वार्ड में अभी कुछ छोटे मोटे काम बाकी है। इसके बाद इसे जल्द ही शुरू करवाया जायेगा। जिससे मरीजों को फायदा मिलेगा।

# डूंगरपुर के प्रतापनगर में कचरे के ढेर में मिला 5 माह का भ्रूण, कोतवाली पुलिस कर रही मामले की जांच

**डूंगरपुर।** जिले के कोतवाली थानांतर्गत शहर के प्रतापनगर कॉलोनी में कचरे के ढेर में एक पांच महीने का भ्रूण मिलने पर सनसनी फैल गई ।

सूचना पर लोगो की भीड़ जमा हो गई वही पुलिस ने भ्रूण को कब्जे में लेकर डूंगरपुर जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया है। इधर पुलिस ने मामला दर्ज करते भ्रूण फैंकने वाली महिला की तलाश कर रही है।

डूंगरपुर जिले के कोतवाली थाने के थानाधिकारी सुरेंद्र सिंह सोलंकी ने बताया कि शहर की प्रताप नगर कॉलोनी में कचरे के ढेर में भ्रूण पड़े होने की सूचना मिली थी। सूचना मिलने पर अस्पताल चौकी के कांस्टेबल ईश्वरलाल मौके पर पहुंचे। ईश्वर लाल ने बताया की प्रतापनगर कॉलोनी से रेलवे की ओर जाने वाले कुछ लोगो ने आज मंगलवार सुबह कचरे के ढेर में एक बच्चे को देखा। इस पर वे लोग चौंक गए। कॉलोनी में आसपास के लोगो को बताया तो लोग इकट्ठे हो गए। सूचना पर वे मौके पर पहुंचे और देखा तो एक अर्ध विकसित बच्चे का भ्रूण कचरे के ढेर के पास पड़ा था। जिसके ऊपर कोई कपड़े तक नही थे। पुलिस ने आसपास के लोगो से भी पूछताछ की लेकिन भ्रूण को फेंककर जाने वाले के बारे में किसी को कुछ भी जानकारी नहीं थी। इसके बाद अस्पताल में स्वीपर विनोद कुमार मौके पर पहुंचे और कचरे के ढेर से भ्रूण को कब्जे में लेकर अस्पताल पहुंचे। भ्रूण को मोर्चरी में रखवाया गया है। फिलहाल पुलिस अब किसी अज्ञात व्यक्ति पर भ्रूण को फेंककर जाने का शक जता रही है। वही ये भी बताया जा रहा है की अनचाहा बच्चा होने की वजह से भी इसे फैंक दिया गया होगा। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है।

# अलवर में पटवारी 8 हजार तो जयपुर में यूडीसी 5 हजार लेते गिरफ्तार



**अलवर/जयपुर।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की टीम ने मंगलवार को अलवर और जयपुर में कार्रवाई की है। एसीबी ने अलवर में पटवारी को 8000 रुपये लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। वहीं जयपुर में कलेक्ट्रेट में यूडीसी को 5000 की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। दोनों ही आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। एसीबी की टीम को मुंडावर के गुसाइयो की ढाणी में रहने वाले विकास कुमार ने शिकायत दी की पटवारी 8 हजार रुपए की रिश्वत मांग रहा है। एसीबी में 19 सितंबर को पटवारी को फोन करवाया व पूरे मामले का सत्यापन किया गया। इस दौरान मामला सही पाया गया। जिसके बाद मंगलवार को एसीबी की टीम ने पटवारी को रंगे हाथ गिरफ्तार करने की प्लानिंग की। विकास कुमार को 8 हजार रुपए लेकर पटवारी के पास भेजा. पटवारी ने रिश्वत की राशि ली व पैसे अपने गाड़ी में गीयर बॉक्स के पास रख लिए। इसी दौरान एसीबी की टीम ने भूपेंद्र सिंह पटवारी को गिरफ्तार कर लिया। उसकी गाड़ी से 8 हजार रुपये बरामद हुए हैं।

# विवाहिता ने विषाक्त पदार्थ का सेवन कर की आत्महत्या, 10 माह पहले ही हुई थी शादी, पुलिस कर रही जांच

**सागवाडा।** डूंगरपुर जिले के वरदा थाना क्षेत्र के लोलकपुरा गाँव में एक विवाहिता ने विषाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया। डूंगरपुर जिला अस्पताल में विवाहिता की उपचार के दौरान मौत हो गई। विवाहिता की 10 माह पहले ही शादी हुई थी।

फिलहाल आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

डूंगरपुर जिले के वरदा थाने के थानाधिकारी रामेंग पाटीदार ने बताया की लोलकपुर निवासी जितेंद्र रोत ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। रिपोर्ट में जितेन्द्र रोत ने बताया की वह गुजरात में मजदूरी का काम करता है। दिसंबर 2021 में उसकी शादी माथूगामड़ा निवासी 19 वर्षीय काली के साथ हुई है। जितेंद्र के माता पिता की मौत हो जाने से दोनो पति पत्नी अलग घर में ही रहते थे।

रविवार रात के समय काली ने घर में रखी चूहे मारने वाली दवा खा ली, जिससे उसकी तबियत बिगड़ गई। पति और आसपास के लोग उसे तुरंत डूंगरपुर जिला अस्पताल लेकर आए। जहा पर गंभीर हालत में उसे भर्ती कर डॉक्टर ने इलाज शुरू कर दिया। इधर इलाज के दौरान बीती रात को काली की मौत हो गई। घटना की सूचना पर आज मंगलवार सुबह माथूगामड़ा से पीहर पक्ष के लोग भी पहुंच गए। पीहर पक्ष ने भी घटना की जानकारी ली।

वही सूचना पर वरदा थानाधिकारी रामेंग पाटीदार और एएसआई वल्लभराम मौके पर पहुंचे। शव को अस्पताल के मोर्चरी में रखवाया। इसके बाद पुलिस ने विवाहिता का पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द किया। इधर आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# गहलोत ने अध्यक्ष पद पर नामांकन भरने के दिए संकेत

**जयपुर।** कांग्रेस विधायक दल की बैठक में आज देर रात सीएम अशोक गहलोत ने राष्ट्रीय अध्यक्ष पद पर नामांकन दाखिल करने के संकेत दिए हैं। गहलोत ने बैठक में कहा कि मैं आखिरी बार राहुल गांधी से मिलकर उन्हें मनाने का प्रयास करूंगा, अगर राहुल नहीं माने तो फिर हाईकमान का जो आदेश होगा, उसके लिए आपको तकलीफ दूंगा। गहलोत के यह कहने पर बैठक में कई विधायकों ने कहा कि आपको यहीं पर रहना है। इस पर गहलोत ने कहा कि मैं कुछ भी बन जाऊं, लेकिन आपसे दूर नहीं रहूंगा, अंतिम सांस तक राजस्थान की सेवा करूंगा। इससे पहले सीएम हाउस में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के सम्मान में सभी विधायकों का डिनर रखा गया। डिनर के बाद कांग्रेस विधायक दल की बैठक हुई। विधानसभा सत्र की रणनीति तय करने के अलावा कांग्रेस अध्यक्ष को लेकर भी इस बैठक में चर्चा की गई। गहलोत बुधवार सुबह दिल्ली दौरे पर जा रहे हैं। दिल्ली में गहलोत वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात करेंगे। शाम को दिल्ली से केरल के कोच्चि जाएंगे।

# विधायक एवं सांसद संविधान की मूल भावना को समझें : उपराष्ट्रपति

**धनखड़ की उप राष्ट्रपति के रूप में भूमिका होगी अनुकरणीय-विधानसभा अध्यक्ष**

**धनखड़ का उपराष्ट्रपति बनना राजस्थान के लिए गर्व की बात-मुख्यमंत्री**








**जयपुर।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि संसद एवं विधानसभाओं का कार्य स्वस्थ लोकतंत्र की पूंजी हैं। यह संस्थाएं प्रमाणिक रूप से लोगों की इच्छाओं के साथ-साथ उनकी आकांक्षाओं को भी पूरा करती है। धनखड़ मंगलवार को राजस्थान विधानसभा में उनके अभिनन्दन पर आयोजित समारोह को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। समारोह में विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सी.पी. जोशी, मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, प्रतिपक्ष के नेता गुलाब चन्द कटारिया सहित सदस्यगण उपस्थित रहें। धनखड़ ने अपने उद्बोधन में संसद, विधानसभाओं एवं जनप्रतिनिधियों कार्यों एवं अपेक्षाओं पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र को मजबूत करने के



लिए जनप्रतिनिधियों की कार्यशैली जनता के लिए अनुकरणीय होनी चाहिए। उन्होंने वर्तमान में सदस्यों द्वारा विधानसभाओं एवं संसद में किए जा रहे अमर्यादित आचरण पर चिंता व्यक्त करते हुए अनुरोध किया वे संविधान की मूल भावना को समझें और अनुशासित रहें। धनखड ने जवाबदेही एवं पारदिर्शिता को संसद एवं विधानसभाओं के प्रमुख कार्य बताया और कहा कि सदस्य सदन का उपयोग विचार व्यक्त करने के लिए करें।

साथ ही उन्होंने कहा कि राज्य के तीन अंगों- विधायिका, कार्यपालिका एवं न्यायपालिका- में से कोई भी एक-दूसरे से बढ़ा नहीं है, यह सभी संविधान के अधीन आते है। उपराष्ट्रपति ने इस अवसर पर अपनी राजनैतिक यात्रा के यादगार क्षणों का जिक्र करते हुए कहा कि गहलोत के साथ उनका 50 वर्षों से ज्यादा पारिवारिक एवं राजनैतिक संबंध रहा है। उन्होंने स्व. देवी लाल एवं पूर्व उप राष्ट्रपति स्व. भैरोसिंह शेखावत का उनके राजनैतिक जीवन में दिये गये योगदान को भी याद किया। उन्होंने कहा कि उनके मन में प्रदेश की जनता के लिए विशेष स्थान है और सदन के माध्यम से उन्हें जो अभिनन्दन और शुभकामनाएं मिली है, उसके लिए वे ऋणी है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए डॉ. जोशी ने कहा कि पूरे सदन को इस पर गर्व है कि उप राष्ट्रपति धनखड़ इस विधानसभा के सदस्य रहें है। राजस्थान से स्व. भैरोसिंह शेखावत के बाद वे दूसरे ऐसे व्यक्ति है जिन्होंने उपराष्ट्रपति पद को सुशोभित किया है।


